हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 303 देहरादून, शनिवार, 27 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पूर्व सांसद टम्टा ने कहा-कुमाऊँ में भी पहुंचाएं वंदे भारत रेल 3

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्य सचिव उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में 38वे राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक मुख्य सचिव सभागार में आहूत की गई। बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार द्वारा राज्य में चल रही तैयारियों के सन्दर्भ में अवगत कराया गया तथा राष्ट्रीय खेलों के सन्दर्भ में विस्तृत प्रस्तुतीकरण श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर निदेशक खेल द्वारा दिया गया। प्रस्तुतीकरण में विगत 04 राष्ट्रीय खेलों के तुलनात्मक विवरण के साथ राज्य में चल रही राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के सम्बन्ध में अवस्थापना विकास, आवासीय, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा, स्वयंसेवक आदि पर विस्तार से वर्णित किया गया तथा खेलों के आयोजन को भव्य बनाने हेतु रोड मैप प्रस्तुत किया गया।

ढ्ढ की संयुक्त सचिव श्रीमती अलकनंदा अशोक द्वारा ढ्ढ के साथ तिथियों के निर्धारण करने की प्रक्रिया करने संबंधी सुझाव दिया गया। ढ्ढ महासचिव डी0के0 सिंह द्वारा उद्घाटन समारोह एवं समापन समारोह को अलग अलग स्थलों पर आयोजित किये जाने का सुझाव दिया गया। मुख्य सचिव द्वारा लौजिस्टिक आदि को इस हेतु संज्ञान में लेते हुए संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने खेलो के आयोजन में पर्यटन विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए पर्यटन सचिव को निर्देशित किया कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है अतः राष्ट्रीय खेलों के आयोजन में खेल पर्यटन एवं प्रकृति पर्यटन को बढ़ाये जाने हेतु पर्यटन विभाग अपने स्तर से कार्यवाही करें। राज्य में सम्पूर्ण देश के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगें एवं वे उत्तराखण्ड की स्मृतियों को वापस अपने साथ लेकर जाएंगें अतः यह आवश्यक है कि उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रदर्शन के साथ-साथ आयोजन स्थलों को भी अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के साथ विकसित किया जाए तथा सचिव लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त आयोजन स्थलों को जोडने वाले रोड नेटवर्क को भी परिष्कृत किया जाए। चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं को चिकित्सा विभाग के साथ बैठ कर अन्तिम रूप दे दिया जाए तथा एन्टी डोपिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा- निर्देश चिकित्सा विभाग एवं नाडा के साथ तैयार कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए ताकि खिलाडियों को जानकारी रह सके कि उन्हें किन पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए और किनको नहीं। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन हेतु वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में निर्देशित किया गया कि आवश्यक धनराशि की मांग अनुपूरक बजट में कर ली जाए। साथ ही पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु पारंपरिक खेलों को भी राष्ट्रीय खेलों के साथ जोड़ा जाए तथा स्थानीय खेलों को प्रदर्शन खेल के रूप में सम्मिलित किया जाए। मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राज्य के



महत्वपूर्ण आयोजन हैं जो राज्य में प्रथम बार आयोजित किए जा रहे हैं अतएazव इन खेलों को पूर्ण भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित किया जाए ताकि भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल एक मिसाल के रूप में स्थापित हो सकें।

बैठक में विशेष प्रमुख सचिव खेल अभिनव कुमार, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकि, सचिव संस्कृति एच0 सी0 सेमवाल, सचिव वित्त वी0 षड़मुगम, जिलाधिकारी देहरादून सुश्री सोनिका, विभिन्न विभागों के अपर सचिव, निदेशक खेल जितेन्द्र कुमार सोनकर तथा निदेशालय खेल एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपaस्थित रहें ।

# उत्तराखंड की पहली वंदे भारत को लेकर लोगों में दिखा क्रेज, सेल्फी लेने की लगी होड़



उत्तराखंड से चलने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन को लेकर देहरादून रेलवे स्टेशन परिसर में गजब का उत्साह था। ट्रेन को मांगलिक गीत दैणा होयां खोली का गणेशा हे.बजाकर रवाना किया किया। हर किसी ने इस दिन को ऐतिहासिक और यादगार बताया।

बीते दिन 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली से बटन दबाकर इस ट्रेन का उद्घाटन करना था। नौ बजे से ही स्टेशन पर लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। स्कूली बच्चों के साथ ही हर उम्र-वर्ग के लोग ट्रेन में यात्रा करने के लिए भी पहुंच रहे थे। 10 बजे तक स्टेशन परिसर में बना मंच लगभग भर गया था। भाजपा नेता भी वंदे भारत को लेकर उत्साहित थे और ट्रेन के आगे भाजपा का झंडा लहराकर फोटो ले रहे थे। वहीं, भारत माता की जयकार के साथ वीडियो बना रहे थे।



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 मई ; उत्तराखंड की पहली वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन को लेकर दून में सुबह से ही गजब का उत्साह था। ट्रेन के स्वागत के लिए रेलवे स्टेशन परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। वंदे भारत ट्रेन भी फूलों से सजाई गई थी। हर कोई इस पल को सेल्फी, फोटो, वीडियो में हमेशा के लिए संजो लेना चाहता था। उत्तराखंड से पहली बार चली सेमी हाई स्पीड ट्रेन को लेकर गजब का उत्साह नजर आ रहा था। प्लेटफार्म पर सजे मंच से नेता इस पल को प्रदेश के लिए सपना बता रहे थे तो कोई कह रहा था कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य से कभी वंदे भारत ट्रेन चलेगी, यह सोचा भी नहीं था।


वंदे भारत के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से लेकर कई मंत्री, स्थानीय विधायक और सांसद पहुंचे। इससे नौ बजे से ही लालपुर से दर्शन लाल चौक तक का यातायात प्रभावित रहा। कई वीआईपी भी इस जाम में फंस गए। वीआईपी को निकालने के प्रयास में यातायात करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा।

# भारत की ये कंपनी सोने के लिए भी देती है छुट्टी, मिलता है खास तोहफा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : आपने अक्सर देखा होगा कि त्योहारों या फिर किसी कार्यक्रम के अवसर पर कंपनियां कुछ न कुछ तोहफा (Gift) अपने कर्मचारियों को देती हैं. ताकि उस कंपनी में काम करने वाले लोग खुश रहें. गूगल - अमेजन जैसी कंपनियां भी अपने एम्प्लॉई को खुश करने के लिए गिफ्ट देती हैं. लेकिन बेंगलुरू (Bangalore) की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को एक ऐसा तोहफा दिया है जो सबसे अलग है.यहां की एक कंपनी ने इंटरनेशनल स्लीप डे के मौके पर अपने कर्मचारियों को सोने की छुट्टी दी है. कंपनी ने अपने कर्मचारियों को मेल करते हुए लिखा कि वेकफिट के साथ नींद के बेहतरीन उपहार का अनुभव करें!

वर्ल्ड स्पीप डे पर सभी वेकफिट कर्मचारियों कोआराम दिया गया है. इसके बाद कर्मचारियों ने इसे अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है.वर्ल्ड स्लीप डे पर छुट्टी पाने के बाद कंपनी के कर्मचारी भी काफी ज्यादा उत्साहित हैं. उन्हें 3 दिन का ऑफ मिल गया जिसकी वजह से वो कहीं घूमने का भी प्लान बना सकते हैं. ये घोषणा करते हुए कंपनी अपने सभी कर्मचारियों को वैकल्पिक अवकाश देकर अंतरराष्ट्रीय नींद दिवस मना है. कंपनी का कहना है कि हम स्लीप डे को एक त्योहार के रूप में मनाएंगे.कंपनी ने मेल करते हुए सब्जेक्ट में लिखा कि 'सरप्राइज हॉलिडे अनाउंसिंग द गिफ्ट ऑफ स्लीप'. मेल करते हुए कंपनी ने ये भी लिखा कि ग्रेट इंडियन स्लीप स्कोरकार्ड के छठवें सीजन से पता चलता है कि 2022 के बाद से काम के घंटों के दौरान नींद महसूस करने वाले लोगों में 21% की बढ़ोत्तरी हुई. इसके अलावा काम करने के दौरान थके हुए और जागने वाले लोगों में 11 फीसदी की वृद्धि हुई है. जिसकी वजह से इस स्लीप डे को मनाने के इससे बेहतरीन कुछ भी नहीं हो सकता. इसलिए कर्मचारियों को नींद का उपहार दिया जाता है.



# लहसुन-प्याज के नाम से खौफ खाते हैं इस गांव के लोग, ये है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : प्याज और लहसुन अपने घटते-बढ़ते दामों की वजह से हमेशा खबरों की हेडलाइन में बने रहते हैं. ज्यादातर घरों में इनका इस्तेमाल किया जाता है. प्याज-लहसुन के इस्तेमाल से खाने का स्वाद बढ़ जाता है. यह शरीर की इम्युनिटी पर जबरदस्त असर दिखाते हैं और मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं. इतने फायदे होने के बाद भी कई लोग इससे परहेज करते हैं लेकिन आज हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पिछले 40 से 45 सालों से लहसुन-प्याज का इस्तेमाल नहीं किया गया है. गांव में मौजूद सभी घरों में लहसुन-प्याज खाने से लोग दूरी रखते हैं. इसका इतना खौफ है कि इसे बाजार से भी नहीं खरीदते हैं.

जिस गांव का यहां जिक्र किया जा रहा है, वह बिहार के जहानाबाद के नजदीक है. यह गांव जहानाबाद जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित है जिसे त्रिलोकी बिगहा गांव के नाम से जाना जाता है जो कि चिरी पंचायत के अंतर्गत आता है. इस गांव में तकरीबन 30 से 35 घर मौजूद हैं और यहां के सभी घरों में प्याज और लहसुन खाने की साफ मनाही है. यहां के सभी लोग बिना प्याज और लहसुन का खाना खाते हैं.

त्रिलोकी बिगहा गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि इस गांव में तकरीबन 40 से 45 साल पहले ही लोगों ने प्याज और लहसुन खाना छोड़ दिया था और इस परंपरा का पालन यहां के लोग लंबे समय से करते चले आ रहे हैं. गांव के बुजुर्गों की मानें तो गांव में ठाकुरबाड़ी का मंदिर मौजूद है जो कि सालों पुराना है और इसी मंदिर की वजह से लोगों ने लहसुन-प्याज से दूरी बना ली है. उनका कहना है कि कई लोगों ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की तो उनके घरों में कई तरह की अनहोनी देखी गई. इन घटनाओं के बाद यहां के लोगों ने लहसुन-प्याज खाना ही नहीं बल्कि बाजार से लेना भी छोड़ दिया. सिर्फ लहसुन और प्याज ही नहीं इस गांव में मांस और शराब जैसी चीजों की सख्त मनाही है. यहां आपको कोई भी शराब पीते हुए नहीं नजर आएगा और यहां के लोगों ने मांस का भी त्याग कर रखा है.





# बेइंतहा प्यार : पत्नी से मिलने के लिए भारत से साइकिल चलाकर यूरोप पहुंचा पति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : प्यार में ऐसी दीवानगी होती हैं कि प्यार करने वाला कई बार ऐसा कुछ कर जाता है, जिसके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक अपनी पत्नी से बेइंहा प्यार करने वाले पति की लव स्टोरी वायरल हो रही है जो अपनी पत्नी से मिलने के लिए भारत से साइकिल से यात्रा करके यूरोप पहुंच गया।ये प्यारी सी लव स्टोरी स्वीडन की रहने वाली शार्लोट वॉन शेडविन है और भारतीय कलाकार पीके महानंदिया की है। दरअसल, शेडविन ने महानंदिया की कला के बारे में सुनने के बाद स्वीडन से भारत पहुंची थी। प्रद्युम्न कुमार महानंदिया भारत में एक छोटे लेकिन शानदार कलाकार थे। उनका काम स्वीडन तक भी पहुंच गया। ये चर्चा सुनकर चार्लोट नाम की ये 19 वर्षीय छात्रा उनसे मिलने के लिए भारत आ गई थी। यहां आकर उन्होंने महानंदिया द्वारा अपना चित्र बनवाने का फैसला किया।

तभी बतौर आर्टीटिस्ट के रूप में अपना नाम बनाना शुरू ही किया था। वह दिल्ली में कला महाविद्यालय में एक ऐसे छात्र थे जो आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। लेकिन प्यार जात-पात और गरीबी- अमीरी सबसे ऊपर होता है। जब शार्लोट अपना चित्र बनवा रही थी दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया कलाकार महानंदिया को शार्लोट वॉन की सुंदरता से प्यार हो गया और शार्लोट वॉन को महानंदिया की सादगी से प्यार हो गया। उन्होंने जल्द ही शादी कर ली लेकिन चार्लोट को वापस स्वीडन जाना पड़ा और प्रद्युम्न उसके साथ आने में असमर्थ थे। तब उन्होंने साइकिल से यूरोप जाने का फैसला किया था।हालांकि ये प्यार भरी दास्तां अभी की नहीं बल्कि जनवरी 1977 की है। यानी आज से लगभग 45 साल पहले की है। जब प्रद्युम्न अपनी पत्नी के स्वीडन वापस जाने पर बहुत अकेले हो गए थे तब उन्होंने अपना सारा सामान बेचने और भारत से स्वीडन जाने के लिए एक साइकिल खरीदने का फैसला किया। साइकिल की सवारी करते हुए वो 4 महीने और 3 हफ्ते में स्वीडेन अपनी पत्नी के पास पहुंच गए थे। उन्होंने हर दिन लगभग 70 किमी (44 मील) साइकिल चलाई थी। अंततः स्वीडन में अपने प्यार के साथ फिर से मिले। इसके बाद महानंदिया वहीं बस गए और अब उनके बड़े-बड़े बच्चे हैं।



# पूर्व सांसद टम्टा ने कहा-कुमाऊँ में भी पहुंचाएं वंदे भारत रेल

## भाजपा सरकार की नाकामियों को लेकर लोकसभा चुनाव में घर घर जाएंगे पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। आज पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैंप कार्यालय में पहुंच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने बिट्टू कर्नाटक के साथ प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर श्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली से देहरादून वंदे भारत रेल चलाकर सफर को साढ़े चार घंटे का बना दिया। यह स्वागत योग्य कदम है। लेकिन आज जो कुमाऊं क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है ये अपने आप में सोचनीय विषय है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से कुमाऊं के जनपदों में भी सरकार को वंदे भारत रेल को पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से आज पर्वतीय क्षेत्रों के पशु पालक बेहद परेशान हैं उनके पशु इस घातक बीमारी से लगातार ग्रसित हो रहे हैं पर ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले पशुपालकों की आज स्थिति यह है कि वह इस बीमारी के इलाज के लिए अपने जानवरों के लिए इंजेक्शन खरीदने के लिए भी दर-दर भटक रहे हैं। मात्र 700 रूपए का इंजेक्शन सरकार उन्हें उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। पशुपालकों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह स्वयं इस इंजेक्शन का खर्चा वहन कर सकें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में सरकार से मांग की है कि पशुपालकों को घर घर जाकर लंपी वायरस से निजात दिलाने के लिए उक्त इंजेक्शन निशुल्क उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक की पीठ थपथपाते हुए कहा कि बिट्टू कर्नाटक के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी उनके द्वारा हजारों लोगो की रसद, दवा इत्यादि से मदद की गई। उन्होंने कहा कि श्री कर्नाटक के द्वारा लगातार गरीब, मध्यम एवं जरूरतमंदों की व्यक्तिगत रूप से सहायता की जा रही है जो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि बिट्टू कर्नाटक आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर, अवरुद्ध विकास को लेकर घर घर तक जाएंगे और लोगों को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएंगे। यहाँ प्रेस वार्ता में पूर्व दर्जाधारी कर्नाटक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड की पांचों सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, नैनीताल एवं हरिद्वार लोकसभा सीट पर घर घर जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे एवं भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच में रखने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही कर्नाटक ने कहा कि भाजपा की सरकार में अल्मोड़ा विधानसभा की दशा दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चाहे सडकों का मामला हो या स्वास्थ्य का मामला हो, या सीवर का मामला हो इन सभी जगह जनता को सरकार सुविधाएं देने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अब यह समझ ले कि जनता ने ठान लिया है कि ऐसी जनविरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है जिसकी शुरुआत कर्नाटक चुनाव से हो चुकी है। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, रोहित शैली, हेम जोशी, कमलेश कर्नाटक, भूपेंद्र भोज, देवेंद्र कर्नाटक, दीपक पोखरिया, असलम खान, दीपांशु पांडे सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह ने दून अस्पताल में दांतों का कराया इलाज, जमकर की तारीफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेज. गुरमीत सिंह (सेनि.) गुरुवार को दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दंत रोग विभाग में दांतों का इलाज कराने पहुंचे। सूचना पर निदेशक डा. आशुतोष सयाना खुद अस्पताल पहुंच गए और व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई। एम्स से डॉक्टरों के पहुंचने में समय लगने पर राज्यपाल को करीब 20 मिनट इंतजार करना पड़ा।

डीएमएस डा. धनंजय डोभाल ने बताया कि उन्होंने एम्स ऋषिकेश में आरसीटी कराई थी, उनके दांतों पर क्राउन लगना था। जिसको एम्स में बनवा लिया गया था। एम्स से डा. अमित ने पहुंचकर दून के डॉक्टरों के साथ क्राउनिंग की। राज्यपाल ने यहां पर डॉक्टरों के कार्यों की सराहना की और शुभकामनाएं देते हुए ग्रुप फोटो करवाया।

इस दौरान डा. महावीर चौहान, डा. प्रत्यक्ष पंवार, डा. अंकुर जोशी, डा. देवाशीष सवाईं, डा. कनिका शर्मा, डा. योगेश्वरी, एओ दीपक राणा, सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, एओ द्वितीय विनोद नैनवाल, पीआरओ दिनेश रावत, अभिषेक, रोहित वर्मा, भरत चौहान आदि मौजूद रहे।

सुविधाओं की कमी से जूझ रहा विभाग

दून अस्पताल के दंत रोग विभाग में डॉक्टर तो पर्याप्त है। लेकिन सामान की कमी से विभाग जूझ रहा है। दांतों में क्राउन और ब्रिज लगाने का सामान, लैब, तकनीशियन नहीं मिल पा रहे हैं। फुल माउथ रिहेबलिटेशन, रिमूवेबल ऑर्थोडेंटिक, हेबिट ब्रेकिंग के लिए एमओयू अधर में लटका है। बड़ी संख्या में मरीज रेफर करने पड़ते हैं, राज्यपाल के पहुंचने पर डॉक्टर आपस में चर्चा करते रहे।

# अगस्त्यमुनि में हुई केदारनाथ विस के पांचो मण्डल की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक

न्यूज वायरस नेटवर्क

रूद्रप्रयाग। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा पूरे देश में महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। हर विधानसभा क्षेत्र में मण्डल कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर महा जनसम्पर्क अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को हर व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने के लिए निर्देशित किया किया जा रहा है। महा अभियान को लेकर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने अगस्त्यमुनि में केदारनाथ विधानसभा के पांचो मण्डल की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक ली। अपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वर्णिम 9 साल देश के लिए बेमिसाल रहे हैं। केंद्र सरकार की उपलब्धियों के संदर्भ में पार्टी द्वारा महाजनसंपर्क अभियान घर-घर तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत अलग-अलग तिथियों पर प्रेस वार्ता, विशिष्ट व्यक्तियों/परिवारों से संपर्क, वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन, विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम, लाभार्थी सम्मेलन, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात कार्यक्रम, घर-घर संपर्क अभियान सहित अलग-अलग तिथियों को 14 कार्यक्रम किए जाने हैं। श्री भट्ट ने कहा कि 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल माध्यम से देश के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर निवास करने वाले वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विशिष्ट प्रतिभावान व्यक्तियों को भी इस संवाद से जोड़ेंगे। कहा कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विश्व गुरू बनाने की ओर अग्रसर हैं। ऐसे में पार्टी के हरेक कार्यकर्ता को एक सैनिक की तरह उनके इस कार्य में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करना है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से हर शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ प्रभारी एवं पन्ना प्रभारी को सरकार के कार्यों को जनता के सामने रखना है। उन्होंने हर मण्डल अध्यक्ष से हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने तथा उसे सरल ऐप एवं नमो ऐप पर अपलोड सम्बन्धी पिछले कार्यो की जानकारी लेते हुए निर्देष दिए कि महासम्पर्क अभियान के तहत हर पदाधिकारी अपने क्षेत्र में हर घर से सम्पर्क करेंगे। और केन्द्र एवं राज्य सरकार के कार्यों के साथ ही स्थानीय विधायक द्वारा किए जा रहे कार्यो से अवगत करायेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के 75 ऐसे व्यक्तियों की सूची भी तैयार करेंगें जो अपने क्षेत्र में विशिष्टता रखते हैं। जैसे उत्कृष्ट खिलाड़ी, कलाकार, संगीतकार, लेखक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता, आन्दोलनकारी महिला या पुरूष। बैठक को सम्बोधित करते हुए केदारनाथ विधायक श्रीमती शैलारानी रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा केदार की धरती से 21 वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। प्रदेश सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ऐसी योजनायें बनाई जा रही हैं जिनसे हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ पर्यटन, योग-आयुष एवं आयुर्वेद को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारी आर्थिकी भी मजबूत होगी।

जिला प्रभारी ऋषि कण्डवाल ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि महाजन सम्पर्क अभियान के तहत आगामी दिनों में 14 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिनके माध्यम से कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के सफल 9 वर्षो की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने आगामी लोक सभा चुनावों को देखते हुए हर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को पार्टी कार्यक्रमों को गम्भीरता से लेते हए बूथ लेबल पर अपनी पकड़ मजबूत करने के निर्देश दिए। कहा कि चुनाव में पूरी विधानसभा में 51 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त करना है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक भारत भूषण भट्ट ने भी विधानसभा क्षेत्र में अभियान के लिए बनाई समितियों पर चर्चा की। जिपंअ अमरदेई शाह ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को मोदी जी के सपनों को साकार करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने का आहवान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र सरकार की योजनाओं को तक पहुंचाएं

चम्पावत। तेलंगाना से पहुंची राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। शुक्रवार को प्रवासी राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी दो दिवसीय दौरे पर टनकपुर पहुंचीं। उन्होंने नगरपालिका सभागार में महिला मोर्चा संग बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता मुरारी और संचालन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता यादव ने किया। कार्यकारिणी सदस्य सेल्वी ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा कार्यकर्ताओं और नव निर्वाचित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हाल जाना। यहां पूनम अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सरोज चंद, रुकमणी उन्याल, हेमा कनवाल, मधु शर्मा, ममता गंगवार, कमला, मनोरमा, कविता जोशी आदि रहे।

### मिनिस्ट्रीयल कर्मियों की तैनाती की मांग

चम्पावत। प्राशिसं ने डीईओ कार्यालय में मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों की तैनाती की मांग की है। इस संबंध में प्राशिसं और एजुकेशनल मिनिस्ट्रीलय एसोसिएशन ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन दिया है। शुक्रवार को दोनों संगठनों ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन दिया। संगठन अध्यक्ष गोविंद बोहरा और जिला मंत्री बंधीधर ध्याल ने कहा कि जिले के चार उप शिक्षा अधिकारियों में छह पद सृजित हैं। इसके सापेक्ष कम कार्मिकों की तैनाती है। संगठन ने उप शिक्षा अधिकारी व डीईओ बेसिक कार्यालय में कार्मिकों की तैनाती की तैनाती और निशुल्क पुस्तकों का वितरण शीघ्र करने की है। इसके अलावा एजुकेशनल मिनिस्ट्रीलय एसोसिएशन ने भी शिक्षा निदेशक को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष मिंटू सिंह राणा और महामंत्री प्रकाश तड़ागी ने जिला पुस्तकालय में कार्मिक का पद सृजित करने, कोटिकरण के आदेश देने, प्रधान सहायक पद पर पदोन्नति आदेश देने, डीईओ बेसिक व माध्यमिक कार्यालयों में रिक्त पद भरने और कार्यालय वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण सीमेट के स्थान पर डायट के जरिए कराने की मांग की। शिक्षा निदेशक ने कार्मिकों और शिक्षकों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### गौला नदी में अतिरिक्त खनन के सर्वे को टीम गठित

हल्द्वानी। गौला नदी में लक्ष्य के मुताबिक खनन नहीं हो पाने के कारण शासन स्तर से निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी गौला नदी में सर्वे कर खनन की स्थितियों का पता लगाएगी। सर्वे टीम की रिपोर्ट के बाद शासन स्तर से गौला में अतिरिक्त खनन की मंजूरी दी जाएगी। अपर सचिव लक्ष्मण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक हल्द्वानी की गौला नदी में लक्ष्य के मुताबिक खनन की निकासी नहीं हो पाने के कारण कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म उत्तराखंड अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी, जिला खान अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग रामनगर, ईई सिंचाई खंड हल्द्वानी को सदस्य बनाया गया है। एडीएम ने बताया कि समिति शनिवार 27 मई को सुबह 10.30 बजे से तहसील हल्द्वानी व लालकुंआ के तराई पूर्वी वन क्षेत्र में गौला नदी पर सर्वे का कार्य करेगी। उन्होंने समिति के सदस्यों को समय पर सर्वे कार्य के लिए पहुंचने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि समिति स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्र में उपलब्ध उप खनिज की मात्रा का पता लगाएगी। कमेटी सर्वे के बाद शासन को रिपोर्ट भेजेगी। कमेटी रिपोर्ट के बाद ही गौला नदी में अतिरिक्त खनन के लिए शासन स्तर से मंजूरी दी जाएगी। उधर गौला खनन संघर्ष समिति के अध्यक्ष पम्मी सैफी ने कहा है कि शासन स्तर पर गौला में खनन के लिए जल्द से कोई निर्णय लेना चाहिए।

### यूकेडी की 'उत्तराखंड बचाओ रथ यात्रा हुई शुरू

हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल की 'उत्तराखंड बचाओ रथ यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा को शुक्रवार को केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट, विजयपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर अल्मोड़ा के लिए रवाना किया। नैनीताल रोड स्थित डीडी पंत पार्क से शुरू हुई यात्रा के दौरान भुवन जोशी ने बताया कि यात्रा के माध्यम से जनजागरण का प्रयास किया जाएगा। राज्य की बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं, जंगली जानवरों से खेती और इंसान को हो रहे नुसान, भू-कानून लागू करने समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर जन-जन के बीच पहुंचा जाएगा।

# कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव उत्तराखंड शासन दीपक कुमार ने हरिद्वार जिले की रूड़की तहसील व विकासखण्ड रूड़की एवं नारसन के अधिकारियों की ली बैठक










**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आज रूड़की दौरे पर गये कार्यक्रम विभाग उत्तराखण्ड़ शासन के सचिव दीपक कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री जी के संकल्प ' सरकार जनता के द्वार', 'हमारा संकल्प अनुशाषित प्रदेश' एवं 'हमारा संकल्प भयमुक्त समाज' के तहत रूड़की तहसील में संयुक्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी व नारसन एवं रूड़की विकासखंडो से सम्बंधित समस्त अधिकारियों के साथ उपरोक्त संकल्पों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देशित किया कि माननीय मुख्यमन्त्री जी के दिशा निर्देशोँ के तहत प्रदेश की समस्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों से निरंतर स्थलीय निरीक्षण करवायैं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि प्रवास भी करें।

सचिव ने पूर्व में शासन से भेजे गये विशेष कार्याधिकारी द्वारा चिन्हित बिन्दुओं पर भी अधिकारियों से जानकारी ली एवं उनमें लम्बित मामलों के त्वरित निराकरण करने हेतु भी निर्देशित किया। साथ ही साथ ये भी निर्देशित किया कि निरीक्षण में उल्लेखित बिन्दुओं में से अपने कार्यक्षेत्र से सम्बंधित की लिस्ट जिला मुख्यालय भिजवाये जिससे जिला स्तर पर सम्बंधित बिन्दुवौं की एक वृहत लिस्ट बन सके, यथा मानकों के तहत PHC CHC की आवश्यकता हे अथवा उच्चीकरण किया जाना हे; प्राथमिक विद्यालयों/आँगनबाड़ी केन्द्रों की सूची जिनका जीर्णोधार किया जाना हे अथवा निर्माण किया जाना है; ड्रिप सिंचाई के अन्तर्गत ऐसे स्थान चिन्हित करना जहाँ उद्यान एवं कृषि विभागों के कार्यों में सामन्जस्य की आवश्यक्ता हे; ऐसे जन्म प्रमाण पत्रों की सूची तैयार कर बहुउदेशीय शिविर लगाकर निस्तारण की कार्यवाही की जाय जो एक वर्ष से भी अधिक समय से लम्बित हों; आय प्रमाण पत्रों की संख्या एवं आय प्रमाण पत्रों के भौतिक सत्यापन से सम्बंधित समस्या( सचिव द्वारा सुझाया गया कि लम्बित एवं जारी किये गये आय प्रमाण पत्रों में से कुछ के सैंपल के आधार पे जांच करा ली जाय ); हर घर नल के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं से सम्बंधित ग्रामों की सूची बना कर निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही इत्यादि विषयों पे विस्तृत से चर्चा हूई।

अधिकारियों द्वारा आय प्रमाण पत्रों को जारी करने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों एवं आय सीमा के बारे में सचिव महोदय को अवगत कराया गया। सचिव ने बताया कि शासन में उच्चतम स्तर पर आय निर्धारण से सम्बंधित विचार विमर्श गतिमान है।विकासखण्ड रूड़की के अन्तर्गत ग्राम पंचायत/ग्राम भौंरी, मिर्ज़ापुर मुस्तकाबाद/रतनपुर, सोहलपुर गाढ़ा, सुल्तानपुर साब्तावलीएवं विकासखण्ड नारसन के तहत ग्राम पंचायत/ग्राम सढौली, शेरपुर खेल्पऊ, नगला सलारु व खेड़ाजट की पूर्व में सम्बोधित समस्याओं की विशेष रूप से समीक्षा की गयी।उपरोक्त के अतिरिक्त जल निगम व जल संस्थान को ये सुझाव दिया गया कि कहीं भी टयूबवैल लगाने से पहले उस जमीन की भारतीय भूगर्भ जल सस्थान से गुणवत्ता की परख करा लें जिससे भविष्य में समस्या ना हो।पाइप लाईन डालने के साथ साथ ही पम्प को खरीदने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर लें जिससे खुदी हूई सड़क की समय पर मरम्मत की जा सके।विद्युत कटौती हेतु पूर्व में ही जनता को सूचित करने हेतु अन्य स्थानों की भान्ति सन्देश भेजने की तत्काल व्यवस्था की जाय।गावों में जल निकासी हेतु सिंचाई विभाग को वृहत स्तर पर योजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया।खाद्य विभाग को योजनाओँ का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे जनता को पात्र व अपात्र के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त हो सके ।

# सिर्फ क्लीन शेव दूल्हा ही विवाह समारोह में होगा शामिल, समुदाय का फैसला



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : राजस्थान में सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली एक स्थानीय समिति ने एक अजीबोगरीब फैसला किया है। फैसले के मुताबिक ऐसे आयोजनों में केवल क्लीन शेव दूल्हा ही भाग ले सकता है, लंबी दाढ़ी वाले को वापस किया जाएगा। यह निर्णय क्षत्रिय कुमावत सामूहिक विवाह समिति द्वारा बुलाई गई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया, समिति के अधिकारियों ने निर्देश दिया है कि शादी में सिर्फ क्लीन शेव दूल्हों को ही शामिल होने की अनुमति दी जाएगी और दाढ़ी रखने वालों को वापस भेज दिया जाएगा।

गोविन्दगढ़ में बैठक हुई जिसमें समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण मवार व सचिव छोटूराम मावल ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए दूल्हों को मुंडन कराकर आने का निर्देश दिया जाता है। पश्चिमी प्रभाव के तहत, कई दूल्हे अपनी शादी के लिए लंबी दाढ़ी के साथ आते हैं जो अशोभनीय लगते हैं। कई बार उनकी पहचान छिपी रहती है। समिति के सभी सदस्यों ने इस आदेश पर अपनी सहमति दी और स्वीकार किया कि विवाह समारोह में केवल क्लीन शेव दूल्हे को आने की अनुमति दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि अब तक नौ जोड़ों ने नियमों का पालन करते हुए शादी के लिए पंजीकरण कराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता सहगल ने कार्यभार संभाला

नैनीताल। ऊर्जा निगम के नए अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने शुक्रवार को पद ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह हरिद्वार सिडकुल में कार्यरत थे। सहगल ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि बिजली सप्लाई की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को बिजली से जुड़ी जो भी परेशानी होगी उसे ठीक किया जाएगा।

### हाईकोर्ट में 29 मई से गर्मियों की छुट्टियां

नैनीताल। उच्च न्यायालय में 29 मई से एक सप्ताह तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। उच्च न्यायालय में 29 मई से 2 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। 3 जून को शनिवार और 4 जून को रविवार होने के कारण उच्च न्यायलय में 5 जून सोमवार को खुलेगा। यह जानकरी उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संघल ने दी।

### अपर सचिव ने मिट्टी रहित खेती की तकनीकि को सराहा

नैनीताल। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने पटवाडांगर स्थित उत्तराखंड बायोटेक्नोलॉजी परिसर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही मिट्टी रहित खेती के बारे में जानकारी ली। पटवाडांगर स्थित उत्तराखंड बायोटेक्नोलॉजी परिसर के प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने अपर मुख्य सचिव को प्लांट टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला में विकसित किए जा रहे कीवी, केला, मशरूम, पेकन नट आदि पर चल रहे शोध कार्यों की जानकारी दी। यहां उन्होंने नियंत्रित वातावरण में विकसित की जा रही टमाटर, पालक, पुदीना सहित कई अन्य प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ने शोध कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. संदीप तिवारी, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. आरके सिंह, डॉ. मणिंद्र मोहन, डॉ. कंचन कार्की आदि उपस्थित रहे।

### हल्द्वानी से रानीबाग तक आउटर रिंग रोड बनाने की मांग

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने हल्द्वानी से रानीबाग तक आउटर रिंग रोड बनाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड के निवर्तमान अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि कुमाऊं की मनमोहक वादियों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए पर्यटक बड़ी तादाद में आ भी रहा हैं। हल्द्वानी से नैनीताल या भवाली कैंची धाम जाने में उन्हें दुगुना समय लग रहा है, इससे पर्यटकों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि प्रदेश सरकार पर्यटन को प्रभावी रूप से बढाना चाहती है तो हल्द्वानी महानगर से रानीबाग तक आउटर रिंग रोड बनाना होगा। साथ ही काठगोदाम रानीबाग के बीच लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए गौलापुल ( काठगोदाम ) से अमृतपुर तक बाइपास रोड बनाना होगा ताकि हमें एक अतिरिक्त मार्ग भीमताल की ओर जाने के लिए मिल सकें।

# जानिए क्यों लाल, हरे और नीले होते हैं ट्रेन के डिब्बे ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई ; भारतीय रेलवे एशिया का दूसरा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है. भारत में कुल 12,167 पैसेंजर ट्रेनें और 7,349 मालगाड़ी ट्रेनें हैं. भारतीय रेलवे से रोजाना 23 मिलियन यात्री सफर करते हैं. क्या आपने कभी गौर किया होगा कि ट्रेन के डिब्बे तीन कलर के होते हैं. कुछ डिब्बे लाल, कुछ नीले तो कुछ हरे कलर के होते हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रेन के डिब्बे लाल, नीले और हरे रंगों के ही क्यों होते हैं. इन रंगों का क्या मतलब है? आइए आपको बताते हैं-

भारत में इन दिनों लाल रंग के कोचों की संख्या काफी ज्यादा हो गई है. लाल रंग के कोचों को LHB यानी Linke Hofmann Busch कहते हैं. इनका निर्माण कपूरथला, पंजाब में होता है. इन डिब्बों को बनाने में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल होता है. इस वजह से ये डिब्बे वजन में हल्के होते हैं. इन डिब्बों को डिस्क ब्रेक के साथ 200 KM/घंटा की स्पीड से दौड़ाया जा सकता है. इसके मेंटेनेंस में भी कम खर्च आता है. एक्सीडेंट होने पर ये डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ते हैं. क्योंकि इनमें Center Buffer Couling सिस्टम होता है.

नीले रंगों वाले कोच भी बहुतायत में देखने को मिलते हैं. इन्हें Integral Coach Factory कोच कहते हैं. नीले रंग के कोच वाले ट्रेनों की स्पीड 70 से 140 किमी/घंटा तक होती है. मेल एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों में इन डिब्बों का इस्तेमाल किया जाता है. इंटीग्रल कोच फैक्ट्री तमिलनाडु में स्थित है. इन्हें बनाने में लोहे का इस्तेमाल किया जाता है. ये डिब्बे भारी होते हैं, इस कारण इनके मेंटेनेंस में खर्च ज्यादा आता है. प्रत्येक 18 महीने में इन डिब्बों को ओवरहालिंग की जरूरत होती है. गरीब रथ ट्रेनों में हरे रंग के डिब्बों का इस्तेमाल होता है. जबकि मीटर गेज ट्रेनों में भूरे रंग के डिब्बों का इस्तेमाल होता है. हलके रंग के कोच का प्रयोग नैरो गेज ट्रेनों में होता है. भारत की बात करें तो अब देश में नैरो गेज ट्रेनों का परिचालन लगभग बंद कर दिया गया है.




# लोगों की सेवा के लिए दिन रात काम करूंगी : चेयरमैन शमा परवीन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सहारनपुर 27 मई : जनपद सहारनपुर में प्रथम बार चुने गए नगर पंचायत छुटमलपुर की नवनिर्वाचित चैयरमेन शमा परवीन व सभी वार्ड के सभासदो ने ली शपथ डिप्टी कलेक्टर युवराज सिंह ने नवनिर्वाचित चैयरमेन व सभासदो को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित चैयरमेन व सभासदों ने विधि विधान द्वारा सविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा भारत की प्रभुता ओर अखंडता बनाये रखने के साथ साथ कर्तव्य को निष्पक्ष पूवर्क ओर श्रद्धापूर्वक करने की शपथ ली शपथ लेने के दौरान तालियों से नवनिर्वाचित चैयरमेन व सभासदों का स्वागत किया गया शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित गठबंधन प्रत्याशी चैयरमेन शमा परवीन ने कस्बे की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि आप लोगों ने जो मेरे पर विश्वास जताया है में उस पर पूरा खरा उतरूगी।

आप लोगों की सेवा के लिए मैं रात दिन आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहूंगी व काम करूंगी। प्रथम बार नगर पंचायत कार्यालय में प्रथम चेयरमैन का आगमन हुआ जहां चेयरमैन शमा परवीन ने रिबन काटकर नगर पंचायत कार्यालय में प्रवेश किया। वही मीडिया से प्रेस वार्ता में बताया कि हमारी प्राथमिकताएं नगर का विकाश तेजी से कराने की होगी।जिसके लिए हर संभव प्रयास रहेगा जनता ने जो हम पर भरोसा किया है उस पर हम खरे उतरे ।हमारी बच्चियां को 0उच्च शिक्षा के लिए जिनको बाहर जाना पड़ता है बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इन के लिए गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्थापना कराना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी !












# देवभूमि में माँ गंगा की मर्यादा के साथ खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं : SSP पौड़ी श्वेता चौबे






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 27 मई : पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के आदेशों के क्रम में एवं वर्तमान में चल रही चारधाम यात्रा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों के तीर्थ स्थलों पर मर्यादा तथा पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने हेतु ₹ऑपरेशन मर्यादा₹ अभियान के अंतर्गत तीर्थस्थलों एवं गंगा किनारे मादक पदार्थों का सेवन करके हुड़दंग, अमर्यादित आचरण करने वालों व नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।जिसके क्रम में कार्यवाही करते हुए पौडी पुलिस द्वारा थाना कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत खोह नदी व थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत पावर हाउस चीला नहर पर ₹ऑपरेशन मर्यादा₹ का उल्लंघन करते हुए शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 07 व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। जनपद में उक्त अभियान के तहत कार्यवाही जारी रहेगी।

# 6 साल तक नहीं गया ऑफिस फिर भी मिला बेस्ट अवार्ड ?



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : आज के समय में नौकरी को लेकर सभी कर्मचारी सतर्क रहते हैं। नौकरी चाहे सरकारी हो या प्राइवेट। जहां तक नौकरी में छिुयों की बात है तो आपने देखा होगा कि आपका बॉस चाहता है कि आप अधिक से अधिक समय ऑफिस में बताएं ताकि समय पर काम हो। कोई भी कर्मचारी अगर बॉस से लम्बी छुट्टी पर जाने के बारे में बताता है तो बॉस को गुस्सा आता है और बॉस गुस्सा होकर इसके लिए आपको उचित दण्ड भी दे सकता है। लेकिन आपको बता दें कि स्पेन में एक मामला इससे उल्टा आया है।

यहां पर एक कर्मचारी 6 साल की लम्बी छुट्टी पर गया और उसे अवार्ड से सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार स्पेन में जोकिन गार्सिया नाम के एक सरकारी कर्मचारी जो कि पिछले 6 सालों से छुट्टी पर था उसे लंबी नौकरी के लिए सम्मानित किया गया। दरअसल, हुआ यूं की 69 वर्षीय जोकिन ने उसके डिपार्टमेंट के बॉसेस के बीच हुई गलत-फहमी का फायदा उठाकर 6 साल तक ज्यादातर ऑफिस आया ही नहीं आया। लेकिन जब अवार्ड देने के दौरान जांच हुई तो सबको मालूम हुआ कि जोकिन तो सालों से ऑफिस ही नहीं आ रहा। जिसके बाद जोकिन पर इसके लिए 27 हजार यूरो का फाइन लगाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आदि कैलाश यात्रियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

पिथौरागढ़। आदि कैलाश यात्रा का आठवां दल सीमांत जनपद पहुंच गया है। शुक्रवार को दल जिला मुख्यालय से धारचूला के लिए रवाना हुआ। इस दौरान टीआरसी के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी की पहल पर यात्रियों ने उल्का मंदिर के समीप स्थित शहीद स्मारक में शहीदों के नाम के तहत दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हिमालय बचाओ अभियान के तहत यात्रियों ने शपथ भी ली। गुरुरानी ने केएमवीएन की ओर से पहली बार भेजी गई महिला कोऑर्डिनेटर गायत्री बिष्ट को सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि दल में सात पुरुष, दो महिलाएं सहित कुल नौ यात्री शामिल हैं। उन्होंने सभी यात्रियों से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में गंदगी न करने की अपील की है। साथ ही कालापानी क्षेत्र में पौधरोपण करने को उन्हें पौधे भी दिए। यहां हरसिंह शेरसिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह, दीपक, सौरभ खोलिया, विजय बोरा, नरेंद्र थापा, गोपाल बिष्ट, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शांति भंग के आरोप में तीन पर कार्रवाई

पिथौरागढ़। जनपद में पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में शातिं भंग के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर के भाटकोट में अपने माता-पिता के साथ लड़ाई-झगड़ा करने के आरोप में एसआई हीरा सिंह डांगी ने विजय सिंह को गिरफ्तार किया है। कनालीछीना में थानाध्यक्ष जावेद हसन के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सिंतोली निवासी योगेंद्र सिंह सार्वजनिक स्थान में अराजकता करता हुआ पाया गया। इधर डीडीहाट में जीआईसी वार्ड निवासी नरेंद्र सिंह बोरा स्वयं की पत्नी के साथ मारपीट करता हुआ पाया गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ भादवि की धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

### रोडवेज कर्मचारी नियमित ड्यूटी नहीं मिलने से परेशान

पिथौरागढ़। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की यहां केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। साथ ही उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। नगर के रोडवेज स्टेशन कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि निगम की बसों के ऑफरोड होने से उन्हें नियमित ड्यूटी नहीं मिल रही है। साथ ही निगम में बसों की कमी, पाट्र्स की आपूर्ति न होने की समस्याएं रखीं। प्रांतीय अध्यक्ष रावत ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने के प्रयाए किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने जल्द ही निगम को सौ बसें भी उपलब्ध कराने की बात कही। बाद में सेवानिवृत्त कर्मचारी व संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह भंडारी, मनोहर सिंह जेठी व शाखा अध्यक्ष जगदीश को फूलों की माला और स्मृति चिन्न देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रांतीय महामंत्री दिनेश पंत ने किया। यहां क्षेत्रीय मंत्री आन सिंह जीना, डिपो अध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट, नवीन कोठारी, संजय महर, विजय सिंह, भुवन भट्ट, सूरजभान, राजेंद्र मलिक, विनोट नोटियाल, राजेंद्र बिष्ट, जगदीश भट्ट मौजूद रहे।

### एलडब्लूएस में शालिनी ने किया टॉप

पिथौरागढ़। एलडब्ल्यूएस कन्या इंटर कॉलेज भाटकोट में शालिनी कोहली ने 81 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया है। शुक्रवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या हेमांगिनी सिंह ने कहा कि इंटर विज्ञान वर्ग में 93.3 प्रतिशत, कला वर्ग में 96 प्रतिशत व हाईस्कूल में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इंटर कला वर्ग में पिंकी ने 72 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में रश्मि ने 74 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। परीक्षा में प्रबंधक विनय बटलर गवन,परीक्षा प्रभारी अंजना दास,शालिनी सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

### राष्ट्रीय खेलों की तैयारी में जुट जांए अधिकारी

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु ने सभी विभागों को अगले साल उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में जुटने को कहा है। शुक्रवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में संधु ने कहा कि राष्ट्रीय खेल गुणवत्ता के साथ ही भव्यता के साथ आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन प्रदेश होने के नाते इसे एक अवसर के तौर पर देखना चाहिए। देशभर से जो प्रतिभागी इसमें भाग लेने आएंगे, वो प्रदेश की अच्छी छवि लेकर जाएं। उन्होंने टॉर्च रिले कार्यक्रम सभी पर्यटन शहर में आयोजित करने को कहा। इन सभी इवेंट के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाए। इससे कलाकारों को रोजगार भी प्राप्त होगा साथ ही प्रदेश की संस्कृति का प्रचार प्रसार भी होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि निर्माण कार्य तय डेडलाइन के मुताबिक किए जाएं। इस काम में बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने उपकरणों की खरीद के साथ ही आयात के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। मुख्य सचिव ने पौड़ी के हाई एल्टीट्यूड रांशी स्टेडियम को भी राष्ट्रीय खेलों से जोड़े जाने की बात कही। कहा कि राष्ट्रीय खेलों से पहले प्रदेश में प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताएं भी कराई जाएं ताकि प्रदेश में खिलाड़ी इसके लिए तैयार और जागरूक हो सकें। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव सचिन कुर्वे, हरिचंद्र सेमवाल, अपर सचिव खेल जितेन्द्र कुमार सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

### सरकार ने परिवहन सिपाही के पदनाम में किया बदलाव

देहरादून। परिवहन विभाग के प्रवर्तन कार्मिकों के पदनाम में बदलाव कर दिया गया। परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकि ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी कर दिए। आदेश के अनुसार वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक अब परिवहन उपनिरीक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक अब परिवहन सहायक निरीक्षक और प्रवर्तन सिपाही अबसे परिवहन आरक्षी नाम से जाना जाएगा। परिवहन सचिव के अनुसार नाम परिवर्तन के आधार पर भविष्य में पदों के वेतनमान उच्चीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रवर्तन सिपाही कर्मचारी संघ ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया। संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज कुमार ने सरकार से उपनिरीक्षक कैडर में और पद बढ़ाने का अनुरोध किया। नीरज ने कहा कि संघ ने सरकार से 84 पदों की मांग की थी, जिनके एवज में केवल 31 पद ही स्वीकृत हुए। बाकी पदों को सृजित किया जाना चाहिए। साथ ही चारधाम यात्रा ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को टीए-डीएम का लाभ देने पर भी विचार किया जाए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अरुण पांडे ने भी पदनाम परिवर्तन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

### उक्रांद का शासन पर यूपी, बिहार वाले इंजीनियरों को बचाने का आरोप

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने जल निगम में महिला, एससी आरक्षित श्रेणी में भर्ती हुए यूपी, बिहार के लोगों को बचाने का आरोप शासन पर लगाया है। खासतौर पर महिला कोटे में भर्ती वालों पर नरम रुख अपनाने पर सवाल उठाए। सीएम से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। उक्रांद के पूर्व महामंत्री जयदीप भट्ट ने सीएम को भेजे पत्र में कहा कि 2005 में जो विज्ञप्ति जारी की गई थी, उसमें साफ था कि आरक्षण का लाभ सिर्फ उत्तराखंड के रहने वालों को ही मिलेगा। इसके बाद भी ये कहना कि 2005 में महिला आरक्षित पदों का लाभ सिर्फ उत्तराखंड की महिलाओं को ही देने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था, हास्यास्पद है। पूरे देश में व्यवस्था है कि आरक्षित पदों का लाभ सिर्फ राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को ही मिलता है।

# तुच्छ राजनीति और षडय़ंत्र कर रहे हैं कांग्रेस नेता : अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश। गुमानीवाला में शुक्रवार को आयोजित जनसभा में सभी ने बीते दिनों वित्त मंत्री के खिलाफ की गई महापंचायत की निंदा की। वक्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर तुच्छ राजनीति करने और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ षडयंत्र रचने का आरोप लगाया। शुक्रवार को अमितग्राम गुमानीवाला में आयोजित जनसभा में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग तुच्छ राजनीति के जरिए ऋषिकेश में जहर घोलने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी करने वालों का साथ देकर कांग्रेस क्षेत्र में भय और अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य करती है। क्षेत्र का विधायक होने के नाते साढ़े 16 वर्षों में उनकी ओर से भी हर वर्ग, हर समाज का सम्मानकर समुचित विकास पर उनकी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण किया गया। कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी जो विधानसभा चुनाव में लगभग 20 हजार मतों के अंतर से पराजित होता है, वो उनके द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यों से परेशान होकर तथा उनकी बढ़ती लोकप्रियता से भयभीत होकर जनता को भ्रमित कर रहा है। पार्षद वीरेंद्र रमोला ने कहा कि बीते रोज तथाकथित लोगों ने श्यामपुर में जनसभा कर क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ जहर उगला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। समाजसेवी मानवेंद्र कंडारी ने कहा कि प्रदेश में जी-20 में विदेशी मेहमान पहुंचे हैं, ऐसे में बाहरी लोगों के साथ एकत्र होकर कूटरचना की गई है। समाजसेवी रंजीत थापा ने कहा कि कांग्रेस सहित कुछ मु_ीभर लोग ऐसे लोगों के साथ दे रहे हैं, जो स्वयं को समाजसेवी होने का दावा करते है। जबकि वास्तविकता यह है कि ऐसे लोग सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने में अव्वल हैं। साथ ही आरटीआई का गलत इस्तेमाल कर रहे है। इस दौरान लोगों ने मंत्री डा. अग्रवाल के समर्थन में नारे लगाए और समाज में नकारात्मकता फैला रहे तथाकथित लोगों का बहिष्कार करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रेम सिंह रावत, केपी डंगवाल, पूर्णानंद जोशी, धनीराम गौड़, राजेंद्र प्रसाद भट्ट, भुवन चंद फुलारा, विरेंद्र बिष्ट, राजू गुनसोला, मोहन प्रसाद गौड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला उनियाल, रूपा रमोला, अन्नू भट्ट, गुंजन, सुमन पैन्यूली, सत्यपाल राणा आदि उपस्थित रहे।

## डोईवाला नगर कांग्रेस अध्यक्ष बने सुरेंद्र

ऋषिकेश। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने सुरेन्द्र सिंह नेगी को डोईवाला नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। सुरेंद्र सिंह नेगी के मनोनयन पर डोईवाला के कांग्रेसियों ने हर्ष जताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर सुरेन्द्र सिंह नेगी को डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी पार्टी के प्रति उनके समर्पण व सामाजिक कार्यों को देखते हुए दी गई है। उनके मनोनयन से संगठन को मजबूती प्रदान होगी। खुशी जताने वालों में पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी, डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल, डोईवाला युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सावन राठौर आदि शामिल रहे।

## संपादकीय

### मुद्रास्फीति कम, महंगाई क्यों नहीं

क्या महंगाई और मुद्रास्फीति में कोई अंतर नहीं है? तकनीकी और अर्थशास्त्र के मुताबिक, दोनों में भिन्नता है, लेकिन दोनों के बुनियादी प्रभाव समान हैं। मुद्रास्फीति ज्यादा होगी, तो बाजार में महंगाई भी अधिक होगी। महंगाई आज भी बड़ा और संवेदनशील मुद्दा है। कर्नाटक के हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान महंगाई को करीब 40 फीसदी मतदाताओं ने मुद्दा माना था। अपनी चिंता जताई थी। जाहिर है कि उसका प्रभाव जनादेश पर भी पड़ा होगा, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक जनवरी, फरवरी से ही खुदरा मुद्रास्फीति के कम होने के रुझानों का विश्लेषण कर रहा था, लेकिन अब मई माह बीत रहा है, बाजार की महंगाई पर कोई असर नहीं दिख रहा। तो मुद्रास्फीति महंगाई से अलग क्या है? देश की आम जनता को यह अर्थशास्त्र समझाना चाहिए। बाजार में जो वस्तु या सेवा जिस मूल्य पर मिल रही है, आम उपभोक्ता उसी के आधार पर महंगाई या सस्ती का मूल्यांकन करेगा। वैसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के मुताबिक, मार्च में मुद्रास्फीति 5.66 फीसदी और अप्रैल में 4.7 फीसदी तक लुढक़ आई थी। यही रुझान जारी रहने के आसार हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि मई में मुद्रास्फीति, अप्रैल की मुद्रास्फीति से, कम हो सकती है, लेकिन सचेत और सावधान भी किया है, क्योंकि मुद्रास्फीति के खिलाफ युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। हम इस दोहरे कथन को समझ नहीं पा रहे हैं, क्योंकि मुद्रास्फीति भारत सरकार और केंद्रीय बैंक द्वारा तय अधिकतम सीमा 6 फीसदी से लगातार कम है। मूलभूत मुद्रास्फीति में भी नरमाई स्पष्ट देखी जा सकती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी 4.5 फीसदी के स्तर पर जारी है। यह इसी 12 मई तक वस्तु और सेवाओं की लागत में परिवर्तन का सूचकांक है। सीधा आम उपभोक्ता और खर्च करने की उसकी क्षमता से जुड़ा है। आईसीआरए का भी आकलन 4.5 फीसदी के करीब का है। इनसे लगता है कि अप्रैल-जून की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति आरबीआई की भविष्यवाणी 5.1 फीसदी से कम रहेगी, लेकिन आरबीआई का यह भी आकलन था कि 2023-24 की दूसरी और तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति 5.4 फीसदी तक बढ़ सकती है। मोटे मायनों में अभी महंगाई और बढ़ेगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## त्यूणी चकराता हाईवे पर कचाणू के पास क्रैश बैरियर लगाने की मांग

विकासनगर। त्यूणी-चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग सडक़ कचाणू धार के पास मार्ग संकरा और क्रैश बैरियर न होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रमुख अभियन्ता को ज्ञापन प्रेषित कर जल्द से जल्द क्रैश बैरियर लगाने की मांग की। जौनसार बावर की लाइफ लाइन कही जाने वाली त्यूणी चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग का सडक़ का सबसे डेंजर प्वाइंट इन दिनों कचाणू धार बना हुआ है। यहां पर खड़ी चढ़ाई, उखड़ी पेंटिंग, क्षतिग्रस्त सडक़ के किनारे क्रैश बैरियर न होना जान के लिए जोखिम बन गया है, जबकि इसी डेंजर प्वाइंट से दो बार सेब से भरी पिकअप लोडर गिर चुकी है। इस प्वाइंट पर दो छोटी कार को भी पास देना खतरे से खाली नहीं। यहां पर मात्र सडक़ की चौड़ाई तीन साढ़े तीन मीटर से ज्यादा नहीं है। सबसे बड़ी समस्या तब आती है जब वाहन नीचे कचाणू धार से ऊपर त्यूणी की तरफ आता है। पास देने की जगह नहीं होने से वाहन को नीचे-ऊपर और आगे-पीछे करना पड़ता है। एक तरफ तीखा ढलान तो दूसरी तरफ खड़ी चढ़ाई पड़ती है।

ब्लाक प्रमुख निधि राणा, प्रधान राजेन्द्र चौहान, प्रधान राहुल पुन, पूर्व प्रधान चन्द्र दत्त डिमरी, पूर्व बीडीसी मेम्बर ज्ञान चन्द डिमरी, फतेहसिह नदाण, जयपाल राणा, हरीश डिमरी, रणेशवर, धनसिह, धूमसिह, अवतार सिंह, कृपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, चन्दन सिंह, सरदार सिंह, साधुराम, सहजराम, गोविन्द राम आदि ने प्रमुख अभियन्ता लोनिवि को ज्ञापन प्रेषित कर क्रैश बैरियर लगाने की मांग की है। कहा कि इस रोड का यह सबसे डेंजर पॉइन्ट को सुरक्षित करने की सख्त जरूरत बताई। सहायक अभियन्ता अनिल बिष्ट ने बताया विभाग ने इस स्थान को डेंजर प्वाइंट के रूप में लिया है। क्रैश बैरियर का प्रस्ताव बनाकर कर मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि और दस्तावेजों की जांच के बाद ही अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश

विकासनगर। हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई पर शुक्रवार को विधायक मुन्ना चौहान ने ब्रेक लगा दिया। विधायक ने भूमि और दस्तावेजों की जांच के बाद ही अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं। विधायक का कहना है कि कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि अतिक्रमण के नाम पर उनकी पुश्तैनी जमीन पर बने आवास को तोडऩे का नोटिस दिया गया है। बताया कि हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर पालिका प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। स्थानीय बाशिंदों का कहना है कि जिस जगह पर वो रह रहे हैं उस जगह पर उनका भूमिधरी अधिकार है। जमीन से संबंधित खाता खतौनी और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। इसके साथ ही कुछ लोगों के पास इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास, निर्बल आवास योजना के तहत आवास आवंटित किए गए हैं। स्थानीय बाशिंदों के दावों की जांच करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर कोई ऐसा आवास ध्वस्त नहीं होना चाहिए, जो अतिक्रमण की जद में नहीं आता हो। कहा कि गरीब को नुकसान से बचाने के लिए दस्तावेजों की जांच और स्थलीय जांच कराई जानी जरूरी है। जांच में जो भी आवास अतिक्रमण की जद में आएगा, उसे ध्वस्त किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, अधिशासी अधिकारी भगवान सिंह बिष्ट, बीडीओ आतिया परवेज, नीरू देवी, संतोष रावत, चौ. दिलीप सिंह, अरूण कुमार, सभासद अखिल गोयल, मेघश्याम शर्मा, सुबीर दास आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस सेवा दल ने किया शक्ति नहर मरम्मत कार्यों पर गड़बड़ी का आरोप लगा प्रदर्शन

विकासनगर। शक्ति नहर में क्लोजर के बाद किये जा रहे मरम्मत कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बाद में सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में तहसील प्रशासन विकासनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कार्यकर्ताओं ने सीएम से मामले की जांच कराने की मांग की। साथ ही जांच नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने ग्यारह बजे तहसील परिसर में एकत्र हुए। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में कहा कि शक्ति नहर में यूजेवीएनएल ने 25 अप्रैल को एक माह का क्लोजर देकर डाकपत्थर बैराज से लेकर कुल्हाल पावर हाउस तक शक्ति नहर में मरम्मत कार्य शुरू कराये, जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं। क्लोजर के 30 दिन बीत जाने के बाद भी नहर में पानी मौजूद है। अधिकतर स्थान पर नया बेड नहीं डाला गया है। जबकि पुराना बेड जर्जर हालत में है और उसमें गाद और मलबा भरा हुआ है। बिना कच्ची रोड़ी बिछाए मिट्टी और आरबीएम पर मिट्टी युक्त पानी में ही सीमेंट युक्त कंक्रीट डाल दिया गया है और उसकी तराई भी मिट्टी युक्त पानी से ही की गई है। साइड वॉल की स्थिति बहुत खराब है। जिनकी मरम्मत नहीं की गयी है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग, जिला अध्यक्ष विजय कुमार एडवोकेट, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा, सेवादल के नगर अध्यक्ष भुवन चंद्र पंत, दिनेश भंडारी, ऋषि त्यागी, जीवन सिंह, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, गोपाल सिंह गढिया, राजेश नौटियाल, दिनेश कांडपाल, राजू, आशीष, विशाल, मोहन सिंह आदि शामिल रहे।

### ग्रीष्मावकाश से पहले धूमधाम से मनाया गया प्रतिभा दिवस

विकासनगर। ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिभा दिवस मनाया गया। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही बौद्धिक, शारीरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शनिवार से हो रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते नौनिहालों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। प्रतिभा दिवस के तहत प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में सांस्कृतिक और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। बीईओ वीपी सिंह ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले विद्यालयों में शिक्षणेत्तर गतिविधियां कराए जाने से नौनिहाल इन गतिविधियों अवकाश के दौरान घर में दोहराएंगे, जिससे उन्हें खेल खेल में सीखने का मौका मिलेगा। प्राथमिक विद्यालय शीशमबाड़ा में निबंध, कविता, अंताक्षरी, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही खेलकूद कराए गए। प्राथमिक विद्यालय डोभरी में मेंढक़ दौड़, जलेबी दौड़, रस्साकसी के साथ ही भाषण और कविता पाठ कराया गया। प्रावि ढकरानी कालोनी, प्रावि उदियाबाग, प्रावि जमनीपुर, प्रतीतपुर, जीवनगढ़, भीमावाल समेत अन्य सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इस दौरान सरदार हरजिंदर सिंह, विकास रोहिला, बनीता राणा, दीपा रानी, सोमवती, अर्चना रानी, सुशीला बिंजोला, प्रवीण वर्मा, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### महाजनसंपर्क अभियान को कार्यकर्ता सफल बनायें: विधायक पुंडीर

विकासनगर। सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों की कार्य समिति की बैठक में भाजपा ने आगामी निकाय व लोकसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर तीस मई से तीस जून तक चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान को कार्यकर्ता आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को सफलता पूर्वक लागू किया है। कहा कि आगामी चुनावों भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नगर निगम क्षेत्र बडोवाला में स्थित शौर्य फार्म हाउस में विधानसभा सहसपुर के चारों भाजपा मंडलों की संयुक्त रूप से कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार मौजूद रहें। विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर ने आगामी कार्यक्रम के तहत लोकसभा, विधानसभा और मंडल स्तर पर होने वाले अनेकों कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। इस मौके पर भाजपा देहरादून ग्रामीण जिलाध्यक्ष मीता सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिला मंत्री नवीन रावत, दयानंद जोशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर सिंह राघव, मंजू नेगी, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, अमित डबराल, जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, प्रवीण पंवार, सहसपुर मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, सुद्धोवाला मंडल अध्यक्ष पिंकी देवी, शिवालिक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश उनियाल , शिवालिक नगर मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत समेत चारों मंडलों व मोर्चों के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने किया कनखल, हरिद्वार में विहिप द्वारा आयोजित केन्द्रीय मार्ग दर्शक मण्डल की बैठक में प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनखल, हरिद्वार में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित केन्द्रीय मार्ग दर्शक मण्डल की बैठक में प्रतिभाग किया तथा आज के सत्र का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में धर्म एवं संस्कृति का लगातार उत्थाान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम का भव्य मन्दिर बनाने का कई वर्षों का सपना अब साकार होने जा रहा है। वहां श्रीराम का भव्य व दिव्य मन्दिर तैयार हो रहा है। उज्जैन में महाकालेश्वर ने दिव्य व भव्य स्वरूप प्राप्त कर लिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद वहां का पूरा स्वरूप ही परिवर्तित हो गया है। वहां पर अब पांच लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा से पवित्र जल लेकर वहां आसानी से जलाभिषेक कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आने वाले समय में रोपवे बन जाने से केदारनाथ तथा हेमकुण्ड धाम की यात्रा और भी आसान होने वाली है। चारधाम यात्रा की भांति कुमाऊं में मानसखंड मन्दिर माला मिशन के तहत कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता के लिए बनाई गई समिति ने 90 प्रतिशत से अधिक का कार्य पूरा कर लिया है, जो आगामी 30 जून तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम के लिये सख्त कानून बनाया गया है।

बैठक में परम पूज्य महामण्डलेश्वर युग पुरूष स्वामी परमानन्द गिरिजी महाराज, परम पूज्य शंकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती जी, राम राजेश्वरा जी महाराज, महामण्डलेश्वर विश्वेश्वरानन्द जी महाराज, महामण्डलेश्वर यतीन्द्रानन्द गिरि जी, स्वामी विवेकानन्द जी महाराज, सचिव महानिर्वाणी अखाड़ा रवीन्द्र पुरी, स्वामी गिरधर गिरि जी महाराज आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के कोने-कोने से आये हुये धर्माचार्यों, सन्त-महात्माओं का एक-एक करके माल्यार्पण करते हुये उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर दिनेश जी, राजेन्द्र पंकज, अशोक तिवारी, चम्पत राय, मिलिन्द पराडे, नितिन गौतम, पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी0एल0 शाह, सिटी मजिस्ट्रेट सु नूपुर वर्मा, एमएनए दयानन्द सरस्वती, एसडीएम पूरण सिंह राणा, एस0पी0 सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में सन्त-महात्मा, कार्यकर्ता सहित श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## अखाड़े के प्रति अनर्गल बयानबाजी सहन नहीं की जाएगी: महंत दुर्गादास

हरिद्वार। श्रीपंचायती बड़ा अखाड़ा उदासीन के मुखिया महंत दुर्गादास ने कहा कि अखाड़ें परम्पराओं एवं बॉयलॉज के अनुसार संचालित होते हैं। परम्पराओं का विशेष ध्यान संत-महापुरूषों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनर्गल बयानबाजी कर अखाड़े की छवि को धूमिल करना चाहते हैं। प्रेस वार्ता कर दुर्गादास ने आरोप लगाया कि कुछ संत स्वार्थ के चलते भूमाफियाओं के साथ साठगांठ कर भूमि की खरीद-फरोख्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए प्राइवेट कार्यों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप संतों का नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंच परमेश्वर ही सोच-समझकर न्याय संगत फैसले लेते हैं लेकिन इन संतों द्वारा अखाड़े की परम्पराओं को नष्ट करने का काम किया जा रहा था। इस मौके पर महंत जयेन्द्र मुनि, महंत प्रेम दास, महंत गोविन्द दास, महंत बलवन्त दास, महंत केवलानन्द, महंत शिवालय नन्द, महंत विष्णुदास, महंत मुरली दास आदि उपस्थित रहे।

सवाल उठाए, सीबीआई जांच होः दुर्गादास ने कोठारी महंत मोहनदास के गायब होने पर भी सवाल उठाये। कहा कि इस मामले की भी निष्पक्ष सीबीआई जांच होनी चाहिए। जो भी आरोपी हैं उनके चेहरे सामने लाये जाए। महंत दुर्गादास ने कहा कि 500 वर्षों से परम्पराएं चलती आ रही है। अखाड़े की जमीन बिना प्रस्ताव व अनुमति के कोई भी नहीं ले सकता है। चेतावनी देते हुए कहा कि भ्रम फैलाना बंद करे। अखाड़े की छवि को धूमिल न करें।

## चार दिनों से अंधेरे में डूबे पथरी के दस गांव, पानी की किल्लत

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के दर्जनों गांव में पिछले चार दिनों से बिजली गुल रहने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है जबकि ऊर्जा निगम जल्द बिजली सुचारू करने का दावा कर रहा है। बिजली नहीं आने से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। पथरी क्षेत्र के गांव फेरुपुर, कटारपुर, बिशनपुर, पंजनहेड़ी, ज्यापोता, अजीतपुर, मिस्सरपुर सहित अन्य कई गांव पिछले चार दिनों से अंधेरे में डूबे हुए है। बिजली नहीं आने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दिन रात गुजारने पड़ रहे है वही, किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए भारी परेशानी हो रही है। तेज गर्मी के कारण फसल सूखने के कगार पर है। बिजली जाने से ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। पानी की बढ़ती किल्लत को देखते ग्राम प्रधान मीनू सैनी ने गांव में बनी पानी की टंकी पर जरनेटर की सुविधा कराई ओर ग्रामीणों को जरूरत के आधार पर पानी की सप्लाई कराई। बिजली नहीं आने से ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे है। ग्रामीण शुभम सैनी, पुरुषोत्तम, अमित सैनी, बबलू, बिरेंद्र, सुनील, दीपक, पंकज, राजेश ने बताया ऊर्जा निगम के ढीले रवैये के चलते पिछले चार दिनों से ग्रामीण अंधेरे में डूबे है।

# बगैर रजिस्ट्रेशन पर्यटन कार्यो से जुड़े बाहरी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें : कमिश्नर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल। नैनीताल में बगैर रजिस्ट्रेशन पर्यटन कार्य कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गैर पंजीकृत होटलों और यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ भी प्रशासन ने सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है। शुक्रवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने पर्यटन सीजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि सीजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। नैनीताल क्लब स्थित सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि बोटिंग, साइकिलिंग, कयाकिंग, घुड़सवारी, बाइकिंग आदि पर्यटन कार्यों से जुड़े सभी लोगों का सत्यापन किया जाए। उन्हें नगर पालिका की ओर से पहचान पत्र जारी किए जाएं।

कहा कि शहर में सिर्फ वही लोग कार्य करेंगे, जिन्हें संबंधित कार्य के लिए पंजीकृत किया गया हो। टैक्सी संचालकों की ओर से यात्रियों से मनमाना किराया वसूले जाने का संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि वे शहर के मार्गों का किराया निर्धारित कर सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग और बैनर लगाएं। पंत पार्क और अन्य क्षेत्र में अवैध रूप से फड़-खोखे लगा कारोबार कर रहे लोगों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जिन्हें नगर पालिका की ओर से पंजीकृत किया गया है, यहां वे ही अस्थायी दुकानें लगाएंगे। उन्होंने ऐसे लोगों के आईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर आईजी नीलेश आनंद भरणे, डीएम वंदना सिंह चौहान, एसएसपी पंकज भट्ट, एमडी केएमवीएन डॉ. संदीप तिवारी, जीएम ऐपी बाजपेई, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एसडीएम परितोष वर्मा, पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे, एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्रा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, त्रिभुवन फत्र्याल, रुचिर साह आदि रहे।

ये निर्णय भी लिए

-रूसी बाईपास पर लाइट, सीसीटीवी कैमरे और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

-पर्यटन स्थलों के लिए पीडब्ल्यूडी साइनेज बोर्ड लगाएगी।

-पर्यटकों को नैनीताल के संबंध में ब्रोसर वितरित किए जाएंगे।

-निजी वाहनों का टैक्सी में संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा।

-स्कूली बच्चों को गेट के आगे सडक़ पर नहीं, बल्कि स्कूल परिसर में उतारा जाएगा।

-अगले वर्ष से पर्यटन सीजन के दौरान स्कूलों के वार्षिकोत्सव नहीं होंगे।

-सीवर के पानी को झील में जाने से तत्काल रोका जाएगा।

-नगर पालिका में बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही कार्मिकों को वेतन दिया जाएगा।

-मैट्रोपोल में जमा सैकड़ों कूड़ेदान हटाकर नारायण नगर क्षेत्र में रखे जाएंगे।

-मालरोड पर बंद पड़ी करीब छह सौ स्ट्रीट लाइटें चलाई जाएंगी।

-नैनीताल में संचालित गैर पंजीकृत होटलों की सूची तैयार की जाएगी।

-नाव, घोड़ा, रिक्शा, टैक्सी आदि के संचालन में अनियमितताओं पर लाइसेंस निरस्त होगा।

-टिफिन टॉप में तय सीमा तक ही घोड़ों से पर्यटकों को ले जाएगा जाएगा।

## बजीरा में विशेष योग्यता प्राप्त बच्चों को विद्यालय प्रशासन ने किया सम्मानित

रूद्रप्रयाग। नागेन्द्र इंका बजीरा ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विशेष योग्यता प्राप्त 11 छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों को विद्यालय में सम्मानित किया है। शुक्रवार को विद्यालय में प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित विशेष योग्यता सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय परिसर में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने इण्टरमीडिएट की कु.सचना 402,कु.श्वेता 391,अमित सिंह रावत 383,पवन सिंह रावत 380,आशीष सिंह पुण्डीर 379,कु.राखी 379,कु.तमन्ना 378 एवं गुरुदयाल 377 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया है। वहीं हाईस्कूल में कु.इशिका 401,कु.दीक्षा 386 एवं अंशुल कुमार स्नेही ने 382 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता प्राप्त की है। गुरुवार को आए परीक्षा परिणाम में नागेन्द्र इंका बजीरा का हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तरकाशी में अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों को हटाने की मांग

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले में अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों की नियुक्ति के खिलाफ प्रशिक्षित जवानों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रशिक्षितों ने विभाग पर भ्रष्टाचार और चहेतों को नौकरी देने का आरोप लगाते हुए कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र उचित कार्यवाही की मांग रखी। साथ ही अप्रशिक्षितों को ना हटाए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी। शुक्रवार को प्रशिक्षित पीआरडी जवान संगठन के अध्यक्ष सुबोध रतूड़ी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कलक्ट्रेट में डीएम अभिषेक रूहेला को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशिक्षित जवानों ने युवा कल्याण विभाग पर मनमानी और उपेक्षा का आरोप लगाया। रतूड़ी ने लिखित पत्र के माध्यम से बताया कि पीआरडी जवान उत्तराखंड पुलिस के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर प्रदेश में ईमानदारी के साथ ड्यूटी निभा रहे हैं, इसके बावजूद प्रशिक्षित जवानों को हटाया जा रहा है। यहां तक कोविड काल में अपनी सेवाएं देने वाले पीआरडी जवानों को बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं समेत विभाग में जितने कर्मचारी या अधिकारी हैं, उन सबने अपने रिश्तेदारों को नौकरी देने का काम किया है। जिससे प्रशिक्षित पीआरडी जवानों के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। चिन्यालीसौड़ से आईं पीआरडी प्रशिक्षिता गुड्डी ने बताया कि हाईकोर्ट ने अप्रशिक्षितों को हटाकर प्रशिक्षितों को नियुक्ति देने का आदेश किया है, इसके बावजूद विभागीय अधिकारी आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में रमेश लाल, सुनीता, अमिता, शकुंतला, कमलेश्वर प्रसाद, श्रवण कुमार, पन्नालाल, जयकृष्ण आदि थे।

### धरासू में चालीस हजार की स्मैक पकड़ी

उत्तरकाशी। धरासू पुलिस ने चिन्यालीसौड़ में एक युवक को 3.98 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई चरस की कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार की रात को सीओ प्रशान्त कुमार और प्रभारी निरीक्षक धरासू कमल कुमार लुण्ठी के नेतृत्व में धरासू पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने देवीसौड़ पुल चिन्यालीसौड़ से 24 वर्षीय रॉबिन पुत्र विजयपाल शाह, निवासी सूलीठांग चिन्यालीसौड़ को 3.98 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को देहरादून से लाया था, जिसका वह खुद भी प्रयोग करता है तथा अन्य को भी बेचता है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। टीम में शशि राणा, कमल नेगी, अजय चन्देल थे।

### चिन्यालीसौड़ में आदमखोर गुलदार पिंजरे में कैद

उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ विकासखंड के ग्राम बड़ी मणी में घास काटने के दौरान सुनीता को निवाला बनाने वाला गुलदार 14 दिन के भीतर वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। रात में वह मृत कुत्ते को खाने के लालच में आकर लगाए गए पिंजरे में बंद हुआ। वन विभाग हरिद्वार ले जाकर गुलदार की प्रवृति का आकलन कर नेशनल पार्क में छोड़ेगा। मणी गांव के जंगल में बीते 13 मई को गुलदार ने शाम के वक्त 32 वर्षीय सुनीता देवी पर हमला बोल उसे मौत के घाट उतार दिया था। सुबह वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पदचिह्नों के आधार पर गुलदार को पकडऩे के लिए गांव में पिंजरा लगाया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट और बड़ी मणी व कुराड़ा के जंगलों में पिंजरा लगाया गया था, जिसमें मृत कुत्ता रखा गया। धरासू रेंज अधिकारी नागेंद्र रावत ने बताया कि गुरुवार को रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और गुलदार को कब्जे में लिया।

### आदमखोर गुलदार पिंजरे में कैद

उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ विकासखंड के ग्राम बड़ी मणी में घास काटने के दौरान सुनीता को निवाला बनाने वाला गुलदार 14 दिन के भीतर वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। रात में वह मृत कुत्ते को खाने के लालच में आकर लगाए गए पिंजरे में बंद हुआ। वन विभाग हरिद्वार ले जाकर गुलदार की प्रवृति का आकलन कर नेशनल पार्क में छोड़ेगा। मणी गांव के जंगल में बीते 13 मई को गुलदार ने शाम के वक्त 32 वर्षीय सुनीता देवी पर हमला बोल उसे मौत के घाट उतार दिया था। सुबह वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पदचिह्नों के आधार पर गुलदार को पकडऩे के लिए गांव में पिंजरा लगाया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट और बड़ी मणी व कुराड़ा के जंगलों में पिंजरा लगाया गया था, जिसमें मृत कुत्ता रखा गया। धरासू रेंज अधिकारी नागेंद्र रावत ने बताया कि गुरुवार को रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और गुलदार को कब्जे में लिया।

### केंद्र व प्रदेश सरकार की नाकामियों को गिनाया

कोटद्वार। गढ़वाल लोक सभा सीट के पूर्व कांग्रेस सांसद प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने लैंसडाउन विधान सभा के अंतर्गत रिखणीखाल, देवियोंखाल, डाबरी, ढ़ाबखाल और सिसल्डी में आम जन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जन संपर्क कर नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान मनीष खंडूड़ी ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन वाली भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, महिला शोषण और भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रही है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा की जारी जनहानि को रोकने के लिए भी सरकार कठोर कानून बनाने में विफल रही है। यही कारण है कि पहाड़ से पलायन लगातार बढ़ता जा रहा है। कहा कि जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती है और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी ही बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। जन संपर्क अभियान में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रंजना रावत, जयहरीखाल ब्लाक अध्यक्ष मनदीप पटवाल, ब्लाक अध्यक्ष रिखणीखाल प्रमोद रावत और ब्लाक अध्यक्ष नैनीडांडा मनीष सुंद्रियाल आदि थे।

### जीएमएस रोड पर दुकान में लगी आग

देहरादून। शुक्रवार सवेरे जीएमएस रोड स्थित दुकान में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारी देहरादून एसडी तिवारी ने बताया कि सूचना सुबह 6.55 बजे मिली। बताया गया कि केसर सिंह नेगी का इंजीनियर एंक्लेव फेस दो अमूल पार्लर है। उससे धुंआ निकल रहा है। अग्निशमन विभाग की टीम मौक पर पहुंची और दो फायर टेंडर पानी से पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पाया। आग से छत की सिलिंग, कोल्ड स्टोरेज का बड़ा फ्रीज, आदि सामान जला।

### पर्यावरण को बचाने के लिए वनों का संरक्षण जरुरी: प्रधानाचार्य

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अन्तर्गत बाबर रेंज के ग्राम निमगा और राइंका सावडा में वन विभाग ने माई लाइफ कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के बारे मे जानकारी दी। राइंका सावडा के प्रधानाचार्य दीपक त्यागी ने वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वनों को बचाने के लिए सभी को मिलकर काम करना है। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के युग में सबसे बड़ी चुनौती ग्लोबल वार्मिंग की है।